सूचना तथा प्रसारण मंत्री––डा० बी० वी० केसकर

वाणिज्य मंत्री––श्री डी० पी० करमरकर

कृषि मंत्री––डा० पंजाबराव एस० देशमुख

उपमंत्री

संचार उपमंत्री––श्री राज बहादुर

प्राकृतिक संसाधन तथा वैज्ञानिक गवेषणा उपमंत्री––श्री के० डी० मालवीय

रक्षा उपमंत्री—सरदार सुरजीत सिंह मजीठिया

गृह-कार्य उपमंत्री—श्री बलवन्त नागेश दातार

श्रम उपमंत्री—श्री आबिद अली

वित्त उपमंत्री—श्री मणिलाल चतुरभाई शाह

पुनर्वास उपमंत्री—श्री जगन्नाथराव कृष्णराव भोंसले

रेल तथा परिवहन उपमंत्री—श्री ओ० वी० अलगेशन

स्वास्थ्य उपमंत्री—श्रीमती एम० चन्द्रशेखर

वैदेशिक-कार्य उपमंत्री—श्री अनिल कुमार चन्दा

खाद्य तथा कृषि उपमंत्री—श्री एम० वी० कृष्णप्पा

सिंचाई तथा विद्युत उपमंत्री—श्री जयसुख लाल हाथी

रक्षा उपमंत्री—श्री सतीश चन्द्र

वित उपमंत्री—श्री अरुण चन्द्र गुहा

संसदीय वाद विवाद

(भाग २—प्रश्न और उत्तर से पृथक् कार्यवाही)

शासकीय वृत्तान्त

अंक १ भारत की प्रथम संसद् के छठे सत्र का प्रथम दिवस संख्या १

लोक सभा

सोमवार, १५ फरवरी, १९५४

सभा दो बज कर पैंतीस मिनट पर समवेत हुई।

[अध्यक्ष महोदय (श्री जी० वी० मावलंकर) पीठासीन हुए]

प्रश्नोत्तर

(प्रश्न नहीं पूछे गये : भाग १ प्रकाशित नहीं हुआ)

———

२.३५ म० प०

सदन-पटल पर रखे गये पत्र

राष्ट्रपति का अभिभाषण

सचिव : १५ फ़रवरी १९५४ को एक साथ एकत्रित हुए संसद् के दोनों सदनों के समक्ष दिये गये राष्ट्रपति के अभिभाषण की एक प्रति मैं सदन पटल पर रखता हूं।

———

राष्ट्रपति : संसद् के सदस्यगण, मैं आज पूरे एक वर्ष के बाद संसद् के नये सत्र के लिये आप लोगों का स्वागत करने यहां आया हूं। इस एक वर्ष की अवधि में आपको बहुत सी गहन समस्याओं और भारी जिम्मेदारियों का सामना करना पड़ा है। इनमें से बहुत सी समस्याएं अभी भी उसी प्रकार हमारे साथ हैं, किन्तु मेरा विश्वास है आप लोग कह सकते हैं कि गत वर्ष में काफ़ी सफलता मिली है। अविजेय बाधाओं और कठिनाइयों पर विजय पाने के मानव के अदम्य उत्साह के प्रतीकस्वरूप एवरेस्ट की अन्तिम विजय हुई। इस महत्वपूर्ण सफलता में एक वीर भारतीय का भी हाथ था। अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में पुराने भय और तनाव अब भी पहले के समान बने हैं। परन्तु समझौते के प्रयत्न बराबर जारी हैं और मैं हृदय से विश्वास करता हूं कि इन प्रयत्नों के परिणामस्वरूप तनाव के वातावरण में सुधार होगा और पश्चिम तथा सुदूर पूर्व में भावी समझौते का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा।

भारत, संसार के सभी देशों के साथ शान्ति और मैत्री की नीति का अनुसरण करता रहा है और ऐसे अवसरों पर जब यह आशा हुई कि हम शान्ति स्थापना के हेतु कुछ कर सकते हैं, हमारे देश ने ज़िम्मेदारियों को उठाने में कोई संकोच नहीं किया। कोरिया में मेरी सरकार ने तटस्थ राष्ट्रीय प्रत्यावर्तन आयोग की अध्यक्षता स्वीकार की और युद्ध बंदियों के भविष्य के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय होने तक उनकी देखभाल के लिये संरक्षक सेना वहां भेजी। दुर्भाग्यवश विराम सन्धि समझौते में सुझायी गयी पद्धति के अनुसार कार्यवाही नहीं की जा सकी, जिसके कारण एक कठिन स्थिति पैदा हो गयी। कुछ

[राष्ट्रपति]

दिनों में ही आयोग अपना काम खत्म कर देगा और अब संरक्षक सेना धीरे धीरे भारत वापस आ रही है। कोरिया में प्रमुख विवाद-ग्रस्त प्रश्नों का अभी तक निबटारा नहीं हुआ है। मुझे पूर्ण आशा है कि संयुक्त राष्ट्र की साधारण परिषद् में, अथवा कहीं और, इन आवश्यक मामलों को सुलझाने का शीघ्र ही प्रयत्न किया जायेगा। आप सब की ओर से और मैं अपनी ओर से, कोरिया में तटस्थ राष्ट्रीय प्रत्यावर्तन आयोग में अपने प्रतिनिधियों और संरक्षक सेना के अफ़सरों तथा सिपाहियों की इस बात के लिये प्रशंसा करना चाहूंगा कि उन्होंने एक कठिन और नाजुक काम को बड़ी योग्यता तथा निष्पक्षता के साथ निभाया।

विदेशों से भारत के सम्बन्ध मैत्रीपूर्ण बने रहे हैं, यद्यपि कभी कभी ग़लतफ़हमियां पैदा हो जाती हैं। इस समय मेरी सरकार के प्रतिनिधि चीनी गणतंत्र की सरकार से तिब्बत के सम्बन्ध में सामान्य हित के विभिन्न मामलों पर बातचीत कर रहे हैं। मुझे पूरी आशा है कि इस बातचीत के परिणामस्वरूप सभी विशिष्ट समस्याओं के बारे में समझौता हो सकेगा। सोवियत संघ और कई अन्य देशों से हमारी व्यापारिक संधियां हुई हैं। पिछले वर्ष हमारे प्रधान मंत्री की पाकिस्तान के प्रधान मंत्री के साथ मुलाकातें हुईं। ये मुलाकातें मैत्रीपूर्ण थीं और इनके फलस्वरूप दोनों देशों के बीच कई एक विवादग्रस्त मामलों के बारे में, जो बहुत दिनों से चले आ रहे थे पारस्परिक सद्भावना पैदा हो सकी। इस दिशा में हम कुछ आगे बढ़े थे पर दुर्भाग्य से कुछ ऐसी घटनायें घटी हैं जिनके कारण प्रगति में रुकावटें पड़ रही हैं। मुझे खुशी है कि मेरी सरकार और श्री लंका की सरकार के बीच श्रीलंका के भारतीय प्रवासियों के प्रश्न पर समझौता हो गया है। इस समझौते द्वारा उक्त समस्या का अन्तिम रूप से निबटारा नहीं होता, परन्तु उस दिशा में यह पहला क़दम है और समस्या के हल के लिये गम्भीर प्रयास है। इसलिये मैं इसका स्वागत करता हूं। अपने पड़ोसी राष्ट्रों, श्रीलंका तथा बर्मा से, जिनके साथ हमारा भौगोलिक ही नहीं बल्कि चिरकाल से सांस्कृतिक सम्बन्ध भी है, मैत्रीपूर्ण सम्बन्धों को उन्नत करने का मेरी सरकार सतत प्रयत्न करती रही है।

पश्चिमी एशिया के देशों और मिस्र के साथ हमारे सम्बन्ध मैत्रीपूर्ण और पारस्परिक सहयोग के रहे हैं। मुझे खुशी है कि सूडान के निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष के रूप में हमारे मुख्य निर्वाचन आयुक्त की सेवाओं की प्रशंसा की गयी है और चुनाव व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो गये हैं। मैं सूडान में स्वाधीनता के उदय का स्वागत करता हूं, जो स्वयमेव तो शुभ है ही, चिरकाल से त्रस्त और आजकल भी अनेक संकटों के शिकार अफ़्रीकी भूखंड की भावी उन्नति के लिये भी यह एक शुभ लक्षण है।

गत वर्ष इस अवसर पर मेरे अभिभाषण के बाद भारतीय संघ में आंन्ध्र नामक नये राज्य का उदय हुआ है। भारतीय राज्यों में इस अभिवृद्धि का मैं स्वागत करता हूं और नये राज्य की सफलता की कामना करता हूं। भारत में राज्यों के पुनर्गठन की मांग को देखते हुए मेरी सरकार ने इस कार्य के लिये एक आयोग की स्थापना की है, जिसमें योग्य और अनुभवी सदस्य रक्खे हैं। यह कार्य बड़े और ऐतिहासिक महत्व का है। इसे वस्तुगत रूप से पूर्ण शांतचित्तता के साथ करना है, जिससे कि सम्बन्धित क्षेत्रों की जनता का और इसके साथ ही समस्त राष्ट्र का अधिक से अधिक कल्याण हो सके। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस आयोग के काम में सभी लोग सद्भावना और समझदारी के साथ सहयोग देंगे।

हमारे संघ के दो राज्यों में, त्रावनकोर-कोचीन और पटियाला तथा पूर्वी पंजाब रियासती संघ में, आजकल आम चुनाव हो रहे हैं। उपर्युक्त दूसरे राज्य में संविधान सुचारू रूप से नहीं चल सका और नये चुनाव होने तक प्रशासन का कार्य भार मुझे अपने अधीन लेना पड़ा।

हमारी प्रथम पंच-वर्षीय योजना की आधी अवधि समाप्त हो चुकी है। कुछ मामलों में प्रगति इतनी अच्छी नहीं हुई जितनी हम आशा करते थे, परन्तु कुछ अन्य मामलों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विशेष रूप से सामुदायिक योजनाओं के कार्य में उन्नति हुई है और राष्ट्रीय विकास कार्य में भी, जिसका श्रीगणेश अक्टूबर, १९५३ में हुआ था, संतोषजनक उन्नति हुई है। इस कार्य में जनसाधारण का योगदान बहुत उत्साहवर्धक है। इस कार्य का यह पहलू बहुत ही आशाजनक है। यद्यपि औद्योगिक उत्पादन में और कई एक दूसरे क्षेत्रों में विशेष प्रगति हुई है, फिर भी व्यापक बेरोज़गारी की समस्या मेरी सरकार के लिये चिन्तन का विषय है। लोगों को अधिक रोज़गार दिलाने के उद्देश्य से योजना आयोग पहली पंचवर्षीय योजना पर पुनर्विचार कर रहा है।

साधारण आर्थिक स्थिति में बराबर सुधार हुआ है। १९५२–५३ में अनाजों का उत्पादन उसके एक वर्ष पहले की अपेक्षा पचास लाख टन अधिक हुआ है और इस वर्ष की स्थिति भी अच्छी है। खाद्य की स्थिति में सुधार बहुत संतोषजनक है और देश इस दिशा में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की ओर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। औद्योगिक उत्पादन में, विशेषकर सूती कपड़े, काग़ज़, रासायनिक पदार्थ, बाइसिकल, नमक और बहुत से इंजीनियरिंग सम्बन्धी उद्योगों के क्षेत्र में उत्पादन काफ़ी ज्यादा होता रहा है। औद्योगिक उत्पादन की सूचक संख्या बढ़ कर १९५३ में १३४ हो गयी जबकि १९५२ में वह १२९ थी। युद्ध के बाद से हमारे औद्योगिक उत्पादन का यह उच्चतम स्तर है। इस्पात उद्योग के विस्तार और इस्पात के एक नये कारख़ाने की स्थापना के सम्बन्ध में इस समय अन्तिम कार्यवाही हो रही है। जूट और चाय उद्योग; जिन्हें बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, अब अच्छी स्थिति में हैं।

मेरी सरकार घरेलू उद्योगों की उन्नति को विशेष महत्व देती है। मझे खेद है कि इस दिशा में संतोषजनक प्रगति नहीं की जा सकी है। आशा है कि अखिल भारतीय खादी और ग्राम उद्योग बोर्ड, अखिल भारतीय करघा बोर्ड और अखिल भारतीय दस्तकारी बोर्ड के प्रयत्न इस दिशा में निकट भविष्य में ही ठोस कार्य कर सकेंगे।

महान् नदी घाटी योजनाओं के सम्बन्ध में संतोषजनक प्रगति हुई है और इन योजनाओं में से कुछ पूर्ण भी हो चुकी हैं और इस समय चालू हैं। पांच नयी योजनाएं, अर्थात् कोसी, कोयना, कृष्णा, रिहांड और चम्बल योजनाएं, पंच-वर्षीय योजना म शामिल कर ली गई हैं। इन योजनाओं के सम्बन्ध में प्रारम्भिक व्यवस्था की जा रही है, जिससे कि आगामी वित्तीय वर्ष में इन्हें चालू किया जा सके। कोसी योजना के बारे में नपाल सरकार से बातचीत चल रही है।

भारत के हवाई यातायात का पुनर्गठन हो चुका है और दो सरकारी निगम, एक भीतरी यातायात के लिये और दूसरा विदेशी यातायात के लिये, स्थापित किये जा चुके है। विचार हो रहा है कि विदेशी सर्विसों का विस्तार करके उन्हें सुदूरपूर्व तक ले जाया जाय।

पिछले साल हमने दो युगान्तरकारी घटनाओं को मनाया—जो भारत में रेल व्यवस्था तथा तार-डाक व्यवस्था की शता-

[राष्ट्रपति]

ब्दियां हैं। रेल यातायात में बराबर प्रगति हुई है और रेल के डिब्बों तथा इंजनों के निर्माण की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नये रेल मार्ग खोलने के लिये निकट भविष्य में कई एक बड़ी योजनाओं को हाथ में लिया जायगा। डाक और तार सम्बन्धी सुविधाओं का भी, विशेष रूप से देहाती और पिछड़े हुए क्षेत्रों में, विस्तार किया गया है।

मेरी सरकार घरों की समस्या को महत्व-पूर्ण मानती है। विभाजन के बाद से विस्थापित लोगों के लिये घरों पर अभी तक ७२ करोड़ रुपया व्यय किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त औद्योगिक कार्यकर्त्ताओं के लिये घरों के निर्माण के वास्ते ऋण और सरकारी सहायता दी गई है। सस्ते और आकर्षक मकानों के निर्माण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से हाल में ही एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया है, जिसकी ओर बहुतों का ध्यान आकृष्ट हुआ है।

१९५४-५५ के वित्तीय वर्ष में भारत सरकार के अनुमानित आय तथा व्यय का ब्यौरा आपके सम्मुख रखा जायगा।

ससद् के विगत सत्र के बाद सात अध्यादेश प्रवर्त्तित करने आवश्यक हो गये। इन में से दो का सम्बन्ध उन दो मामलों से है जिनके बारे में एक विधेयक अभी आपके विचाराधीन है। इनमें से उन सभी अध्यादेशों पर विचार करने का आपको अवसर मिलेगा, जिन्हें स्थायी विधान का रूप देना आवश्यक होगा।

आपके सम्मुख २८ विधेयक विचाराधीन हैं। इन में से कुछ पर प्रवर समितियां विचार कर चुकी हैं। दूसरे विधेयक जिन पर प्रवर समितियां आजकल विचार कर रही हैं, उक्त समितियों की सिफारिशों समेत आपके सामने रखे जायेंगे। इन विधेयकों में हिन्दू विधि के सुधार सम्बन्धी विधेयक भी सम्मिलित हैं, जिन्हें मेरी सरकार बड़ा महत्व देती है। संसद् के इस सत्र में आपके सम्मुख अन्य विधायी प्रस्ताव भी रक्खे जायेंगे जिनका सम्बन्ध सार्वजनिक कल्याण से है। न्यायालयों के कार्य को गतिशील करने और मुक़दमेबाजी के व्यय को घटाने के लिये न्यायिक कार्य प्रणाली में सुधार करने को मेरी सरकार बहुत उत्सुक है।

इस मास के आरम्भ में इलाहाबाद में कुम्भ मेले के समय एक भीषण दुर्घटना घटी। इस अवसर पर यात्रियों का अपूर्व जन-समूह एकत्रित हुआ था। इस विशाल जनसमुदाय की सुविधा के लिये उत्तर प्रदेश की सरकार ने सन्तोषजनक व्यवस्था करन का बड़ा प्रयास किया था। परन्तु अमावस्या के दिन अचानक एक दुर्घटना घटी जिसके कारण बहुत से लोग बेक़ाबू भीड़ के पांव तले आकर रौंदे गये और मर गये। इस दुखद दुर्घटना से यह शुभ समागम विषादपूर्ण बन गया और हमारे अनेक देश-वासियों के लिये शोक का विषय हो गया। आपकी ओर से, और मैं अपनी ओर से, दिवंगत आत्माओं के सभी सम्बन्धियों को समवेदना तथा सहानुभूति भेजता हूं।

नये वर्ष का आरम्भ इस प्रकार हुआ है कि इस में जितनी आशा की झलक है उतना ही भय भी दिखाई देता है। शान्ति स्थापना में प्रगति और तत्सम्बन्धी प्रयत्नों के सफल होने की आशा है। हमें और विश्व को कठिन परीक्षाओं का सामना करना पड़ सकता है, इस बात की आशंका भी है। मानव जाति के लिये इस संकट के समय में हम अपने देश की और समस्त विश्व की सेवा कर सकते हैं यदि हम उन सिद्धान्तों पर अडिग रहें जिन्होंने अतीत में हमारा पथ-प्रदर्शन किया है और यदि हम राष्ट्रपिता के शान्ति, सहिष्णुता और आत्मविश्वास के सन्देश को याद रक्खें। मैं

विश्वास करता हूं कि आपके कार्य कलाप में यह सन्देश आपका पथ आलोकित करेगा।

कुम्भमेले की दुखद घटना

प्रधान मंत्री तथा सदन नेता (श्री जवाहरलाल नेहरू) : इस अवसर पर इस सत्र द्वारा कार्य प्रारम्भ किए जाने से पूर्व मैं आपकी अनुमति से एक बात का जिक्र करना चाहूंगा। अभी हमने राष्ट्रपति के भाषण में कुम्भ मेले की दुःखद घटना का निर्देश सुना। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मृत आत्माओं के परिवारों के प्रति शोक और संवेदना प्रकट करने में प्रत्येक सदस्य हमारे साथ है।

मेरे लिए यह अवसर इस भयानक घटना ब्योरे में जाने का नहीं है, कुछ तो इसलिए कि एक समिति द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है, और कुछ इसलिए कि सम्बन्धित राज्य सरकार इस मामले को व्यवहृत कर रही है। इस अवसर पर हममें से कई वहां मौजूद थे, यद्यपि दुर्घटना के वास्तविक स्थल पर नहीं। मैं स्वयं भी मेले में मौजूद था, किन्तु मैं किले की बालकोनी में था जहां से इस विशाल जन-समुद्र का दृश्य देख रहा था। वहां कम से कम ४० लाख व्यक्ति एकत्रित हुए थे, और जिसने भी इस महान् मानव-समूह को देखा वह कभी इसे विस्मृत नहीं कर सकता। यह एक गहरा आघात था कि इस महान् अवसर के समय जबकि इतने लोग एक साथ एकत्र हुए थे, यह दुखान्त घटना घटी जिसमें अनेकों को मृत्यु के मुंह में जाना पड़ा।

जैसा मैंने कहा, मैं इस प्रक्रम पर इस दुर्घटना के तथ्यों में नहीं जाना चाहता, किन्तु मैं समझता हूं कि यह उचित होगा कि हम आज का कार्य इस दुखपूर्ण घटना पर शोक और संवेदना प्रकट करने के बाद प्रारम्भ करें।

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदन नेता द्वारा व्यक्त किए गये भावों से मैं पूर्णतया सहमत हूं। यह दुखान्त घटना इतनी अप्रत्याशित तथा इतनी वृहत् थी कि एक प्रकार से समस्त भारत संघ पर इसका प्रभाव पड़ा है, प्रत्येक हृदय के मर्म को इसने प्रभावित किया है। दो मिनट मौन खड़े होकर हम मृतात्माओं के परिवारों के प्रति संवेदना तथा सहानुभूति प्रकट करेंगे।

(सदस्यगण दो मिनट के लिये मौन खड़े हुए।)

श्री नामधारी का देहान्त

अध्यक्ष महोदय : सदन को यह सूचित करते हुए मुझे खेद होता है कि सदन के सदस्य श्री आत्मासिंह नामधारी का ५३ वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया। अपना दुख प्रकट करने के लिए यह उचित होगा कि सदन दो मिनट मौन खड़ा हो।

(सदस्यगण दो मिनट के लिए मौन खड़े हुए।)

श्री भजहारी महाता की नज़रबन्दी

अध्यक्ष महोदय : मुझे सदन को सूचित करना है कि पुरूलिया, मानभूम, बिहार के प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट से मुझे यह पत्र मिला है कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा ५०२ के अंतर्गत उनका श्री भजहारी महाता, संसद् सदस्य, को नज़रबन्द करने का आदेश जारी करना आवश्यक हो गया क्योंकि श्री साहादेव चक्रवर्ती ने जिन्होंने कि एस० डी० ओ० द्वारा जारी किए गये समन की जमानत दी थी, अब उनका ज़ामिन होना नामंजूर कर दिया है तथा आवश्यक कानूनी कार्यवाही के लिए उन्हें न्यायालय को सौंप दिया है क्योंकि उनके अनुसार श्री महाता जमानत पर नहीं रहना चाहते। श्री महाता से दूसरी ज़मानत देने को कहा गया किन्तु उन्होंने ऐसा करने से इंकार कर दिया क्योंकि उनका कहना है कि उनके दल लोक सेवा संघ की नई नीति के अनुसार उन्होंने यह मार्ग अपनाया है। तदनुसार २२

[अध्यक्ष महोदय]

जनवरी, १९५४ को उन्हें हिरासत में ले लिया गया तथा उन्हें पुरुलिया, मानभूम, के जिला जेल में रक्खा गया है।

स्थगन प्रस्ताव

कुम्भ मेले की दुखद घटना

अध्यक्ष महोदय : कुम्भ मेले की दुःखद घटना के सम्बन्ध में मुझे तीन स्थगन प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन पर अपना निर्णय देने से पूर्व मैं यह जानना चाहूंगा कि ये प्रस्ताव इस सदन में किस प्रकार ग्राह्य हैं। मैं समझता हूं कि ये प्रस्ताव ग्राह्य नहीं हैं, किन्तु जिन माननीय सदस्यों ने ये प्रस्तुत किए हैं उनसे मैं जानना चाहूंगा कि क्या इन प्रस्तावों की ग्राह्यता के सम्बन्ध में उन्हें कुछ कहना है।

इनकी अग्राह्यता का एक और कारण है। सारे मामले की जांच के लिए एक समिति बिठाई गयी है और जब तक कि उस समिति की जांच से तथ्य ज्ञात न हो जाएं, इस मामले पर चर्चा करना उचित नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रपति के अभिभाषण में भी इस घटना का ज़िक्र किया गया है, और स्थगन प्रस्ताव पर चाहे इस पर चर्चा करना स्वीकार्य न हो, राष्ट्रपति के भाषण पर चर्चा करते समय मैं समझता हूं इसका निर्देश परिहार नहीं किया जा सकता।

अन्य कारण भी हैं, किन्तु मुख्य कारण यह है कि इसमें केन्द्र की जिम्मेवारी नहीं है। मेला के प्रबन्ध की जिम्मेदारी राज्य सरकार की थी, केन्द्र की नहीं और इसलिए मैं स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता स्वीकार नहीं कर सकता।

श्रीमती रेणु चक्रवर्ती (बसीरहाट) : श्रीमान्, यह दुखान्त घटना समस्त राष्ट्र से सम्बन्धित है। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय सरकार ने ही उत्तर प्रदेश सरकार को यात्री शुल्क लगाने की अनुमति दी थी। यात्रियों को दी गयी सुविधा के मामले में भी केन्द्र ने उत्तरदायित्व ग्रहण किया था। और इन सब बातों से भी ऊपर, इस बात का कारण कि स्थगन प्रस्ताव की स्वीकृति दी जाए यह है कि कई केन्द्रीय मंत्री वहां उपस्थित थे और इस दुखान्त घटना का मुख्य कारण उनके लिए किए गये प्रबन्ध हैं। केवल यही नहीं, यह दुर्घटना होने के पश्चात् उनमें से कितने ही चाय पार्टियों आदि में भाग ले रहे थे, जिससे समस्त भारत को धक्का पहुंचा है। ये ही कारण है कि हम समझते हैं कि इस मामले पर सदन में बहस की जाए।

श्री वी० जी० देशपांडे (गुना) : मेरा निवेदन यह है कि इस घटना पर केन्द्र तथा इस सदन का ध्यान इसलिए आकर्षित होना चाहिए कि यह इतनी वृहत राष्ट्रीय विपत्ति है कि सारा भारत शोकमय हो गया है। इस दुर्घटना में केवल उत्तर प्रदेश के नहीं, अपितु कितने ही अन्य राज्यों के लोगों की मृत्यु हुई है। इसके अतिरिक्त जब यह दुर्घटना घटी उस समय वहां राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री तथा केन्द्रीय सरकार के कितने ही सदस्य मौजूद थे। फिर राष्ट्रपति ने यात्री कर की अनुमति देते हुए एक अध्यादेश जारी किया था। इस प्रकार बड़ी संख्या में लोग इस मेले में आकर्षित हुए तथा मेले के प्रबन्ध के लिए केन्द्रीय अध्यादेश द्वारा रुपया एकत्रित किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रपति के सम्मान में इस दुर्घटना के पश्चात् भी एक भोज दिया गया जिसमें संघ तथा राज्यों के कई मंत्री मौजूद थे तथा गाने बजाने का.....

अध्यक्ष महोदय : शान्ति, शान्ति, माननीय सदस्य स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता के विषय से परे जा रहे हैं। इन तथ्यों की अभी जांच की जानी है। महज़ अखबारी समाचारों को मैं स्वीकार नहीं कर सकता।

डा० एन० बी० खरे (ग्वालियर) : क्या मैं जान सकता हूं कि यदि समस्त राष्ट्र से इसका सम्बन्ध नहीं था तो सदन इस भयानक दुर्घटना के शिकार हुए लोगों के लिए अपना शोक प्रकट करने को अभी क्यों खड़ा हुआ था ?

आचार्य कृपलानी (भागलपुर व पुर्निया) : सरकार द्वारा मेले में जाने के लिए असाधारण प्रचार किया गया था तथा मुसाफिरों को सुविधाएं प्रदान करने का वचन दिया गया था। ऐसा पहले कभी नहीं किया गया। रेलें यात्रियों से बुरी तरह भरी हुई वहां पहुंचीं, यहां की रेलों की छत्त पर भी यात्रियों ने यात्रा की। इनमें से अनेक यात्री यात्रा के दौरान में ही मर गये। ये सब बातें केन्द्रीय सरकार को ज्ञात थीं। केन्द्रीय सरकार रेल तथा अन्य यातायात का प्रबन्ध करने के लिए उत्तरदायी थी, और इस यातायात के दौरान में लोगों की मृत्युएं हुईं। सरकार ने उन्हें इतनी बड़ी संख्या में एक स्थान पर एकत्रित होने के लिए नहीं रोका। इसलिए केन्द्र की जिम्मेवारी भी राज्य सरकार से कम नहीं है। इसलिए मेरा निवेदन है कि स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता मानी जानी चाहिए।

श्री एच० एन० मुकर्जी (कलकत्ता उत्तर-पूर्व) : श्रीमान्, जैसा कि आपने कहा है कि यह विषय राष्ट्रीय महत्व का होने के कारण ही राष्ट्रपति को अपने भाषण में इसका उल्लेख करने की सलाह दी गई। रेलों को छोड़ कर जिनसे केन्द्रीय सरकार का प्रत्यक्ष सम्बन्ध है, पुलों के निर्माण में केन्द्रीय सरकार के सैन्य इंजिनियरों ने सहायता दी थी। मेरा विश्वास यह भी है कि सेना से कहा गया था कि वह किसी भी आकस्मिक आवश्यकता में आ कर सहायता देने के लिये तैयार रहे।

यद्यपि यह हिन्दुओं का एक पर्व था तथापि यह राष्ट्रीय स्तर का था। संदेहात्मक परिस्थितियों में इस प्रकार की घटना हो जाने के पश्चात् राज्य सरकार को मामले की जांच करने के लिये एक समिति नियुक्त करनी पड़ी। परन्तु जांच समिति के निर्देश-पत्र अपर्याप्त हैं तथा मुझे आशा है कि आप इस विषय के विभिन्न पहलुओं पर विचार करेंगे तथा घटना की परिस्थितियों की यथोचित जांच के सम्बन्ध में की जाने वाली मांग को ध्यान में रखते हुये अपना निर्णय देंगे।

श्री एन० सी० चटर्जी (हुगली) : क्या मैं एक बात कह सकता हूं ? अभी श्री सिन्हा ने ७ अध्यादेश पटल पर रखे थे। उनमें १९५४ का अध्यादेश संख्या १ तथा १९५४ का अध्यादेश संख्या २ का कुंभ मेला से प्रत्यक्ष सम्बन्ध है। वे भारत के संविधान के अनुच्छेद १२३ के अन्तर्गत बनाये गये हैं। अतः यह विषय पूर्णतः न्याय संगत तथा ग्राह्य है।

डा० लंका सुन्दरम् (विशाखापटन) : यहां तो प्रश्न यह है कि कुम्भ मेले का प्रबन्ध करने के लिये भारत के समस्त भागों से करदाताओं से लगभग २० लाख रुपये इकट्ठे किये गये थे। सारे प्रबन्ध, बहुत से केन्द्रीय तथा स्थानीय अधिकारियों की सहायता से रेल विभाग को करने थे। इस विषय पर विचार करने के सम्बन्ध में इस सदन के क्षेत्राधिकार का प्रश्न असंदेहपूर्ण है।

अध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव का विषय दुखद घटना है। घटना अध्यादेशों के पारित होने कारण नहीं घटित हुई है। न ही दी गई सैन्य सहायता ही इसका प्रत्यक्ष कारण है। मैं देखता हूं उत्तर प्रदेश विधान सभा में भी इस विषय पर वाद विवाद हुआ था तथा मैं समझता हूं कि वहां के मुख्य मंत्री ने तथ्यों के विषय में एक भाषण दिया है तथा उत्तर प्रदेश सरकार ने एक जांच समिति नियुक्त की है। इस सब से यह पता लगता

[अध्यक्ष महोदय]

है कि उत्तरदायित्व किसका है। मेरी समझ में नहीं आता कि मैं बताये गये कारणों पर इस प्रकार के स्थगन प्रस्ताव की अनुमति कैसे दे सकता हूं।

डा० एन० बी० खरे : मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया है।

अध्यक्ष महोदय : इसके उत्तर देने की आवश्यकता नहीं है। मैं प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देने के लिये बाध्य नहीं हूं।

डा० एन० बी० खरे : इसके विरोध में हम सभा-त्याग करते हैं।

आचार्य कृपालानी : श्रीमान, हम सभा त्याग नहीं करते हैं परन्तु मैं यह अवश्य कहूंगा कि इस ओर हम से बहुत सों का मत वही है जो सभा-त्याग करने वालों का है।

सदन-पटल पर रखे गये पत्र

राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त विधेयक

सचिव : मैं पटल पर एक विवरण रखता हूं जिसमें १९५३ में पांचवें सत्र में संसद के सदनों द्वारा पारित तथा राष्ट्रपति द्वारा स्वीकृत विधेयक दिये हैं।

(१) समुद्र सीमा शुल्क (संशोधन) विधेयक, १९५३.

(२) पुनर्वास वित्त प्रशासन (संशोधन) विधेयक, १९५२.

(३) कर्मचारी भविष्य निधि (संशोधन) विधेयक, १९५३.

(४) त्रावनकोर-कोचीन उच्च न्यायालय (संशोधन) विधेयक, १९५३.

(५) धोतियां (अतिरिक्त उत्पादन शुल्क) विधेयक, १९५३.

(६) पशुधन आयात (संशोधन) विधेयक, १९५३.

(७) कलकत्ता उच्च न्यायालय (क्षेत्राधिकार विस्तार) विधेयक, १९५३.

(८) निरसक तथा संशोधक विधेयक, १९५३.

(९) औद्योगिक विवाद (संशोधन) विधेयक, १९५३.

(१०) मनीपुर न्याय शुल्क (संशोधन तथा मान्यतादान) विधेयक, १९५२.

(११) नारियल जटा उद्योग विधेयक, १९५३.

(१२) वायदे के सौदे (नियमन) संशोधन विधेयक, १९५३.

(१३) भारतीय प्रशुल्क (द्वितीय संशोधन) विधेयक, १९५३.

(१४) भारतीय प्रशुल्क (तृतीय संशोधन) विधेयक, १९५३.

(१५) नमक उपकर विधेयक, १९५३.

(१६) विनियोग (संख्या ५) विधेयक, १९५३.

(१७) पेप्सू विनियोग (संख्या ३) विधेयक, १९५३.

(१८) बैंकिंग समवाय (संशोधन) विधेयक, १९५३.

(१९) टैलीग्राफ तार (अवैध कब्जा) संशोधन विधेयक, १९५२.

(२०) रिजर्व बैंक आफ इंडिया (संशोधन तथा विविध उपबन्ध) विधेयक, १९५२.

(२१) भारतीय एकस्व तथा रूपांकन (संशोधन) विधेयक, १९५३.

(२२) अनर्हता निवारण (संसद तथा भाग ग राज्य विधान मंडल) विधेयक, १९५३.

(२३) छावनी (संशोधन) विधेयक, १९५२.

(२४) प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्मारक तथा पुरातत्व सम्बन्धी स्थान व अवशेष (राष्ट्रीय महत्व घोषणा) संशोधन विधेयक, १९५३.

प्रख्यापित किए गए अध्यादेश

संसद कार्य मंत्री (श्री सत्य नारायण सिन्हा) : संविधान के अनुच्छेद १२३ (२) (क) के उपबन्धों के अन्तर्गत मैं निम्नलिखित अध्यादेशों में से, जो संसद् के सदनों के पांचवें सत्र के समाप्त होने के पश्चात् राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किए गए थे, प्रत्येक की एक प्रति पटल पर रखता हूं :—

(१) बार्सी लाइट रेलवे कम्पनी (हस्तान्तरित दायित्व) अध्यादेश, १९५३ (१९५३ का ७वां);

(२) उत्तर प्रदेश रेल यात्रा चुंगी अध्यादेश, १९५४ (१९५४ का १ला) ;

(३) उत्तर प्रदेश रेल यात्रा चुंगी (संशोधन) अध्यादेश, १९५४ (१९५४ का २रा) ;

(४) विस्थापित व्यक्ति (दावे) अनुपूरक अध्यादेश, १९५४ (१९५४ का तीसरा) ;

(५) प्रेस (आपत्तिजनक विषय) संशोधन अध्यादेश, १९५४ (१९५४ का ४ था) ;

(६) विमान निगम (संशोधन) अध्यादेश, १९५४ (१९५४ का ५वां);

(७) निष्क्रान्त निक्षेप हस्तान्तरण अध्यादेश, १९५४ (१९५४ का ६वां) ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एस-२।५४; एस-३।५४; एस-४।५४ एस-५।५४; एस-६।५४; एस-७।५४; तथा एस-८।५४]

पेप्सू के लिये राष्ट्रपति के अधिनियम

गृह कार्य तथा राज्य मंत्री (डा० काटजू) : श्रीमान्, मुझे पेप्सू विधान मंडल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) अधिनियम, १९५३ की धारा ३ की उपधारा (३) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिनियमों में से प्रत्येक की एक प्रति पटल पर रखने की अनुमति दी जाये :—

(१) पेप्सू सुधार कर तथा प्रति एकड़ दर अधिनियम, १९५३ (राष्ट्रपति का अधिनियम, १९५४ का १ ला) ; **[पुस्तकालय में रखी गई, देखिये** संख्या ऐस-९।५४]

(२) पेप्सू विधान सभा (अनर्हता निवारण) संशोधन, अधिनियम, १९५४ (राष्ट्रपति का अधिनियम, १९५४ का २रा) **[पुस्तकालय में रखी गई, देखिये** संख्या एस-१०।५४]

(३) पेप्सू कस्बा विकास बोर्ड अधिनियम, १९५४ (राष्ट्रपति का अधिनियम, १९५४ का ३रा) **[पुस्तकालय में रखी गई, देखिये** संख्या एस-११।५४]

(४) पेप्सू चौकीदारी अधिनियम, १९५४ (राष्ट्रपति का अधिनियम, १९५४ का ४था) **[पुस्तकालय में रखी गई, देखिए** संख्या एस-१२।५४]

(५) पेप्सू पशु-धन सुधार अधिनियम, १९५४ (राष्ट्रपति का अधि-

[डा० काटजू]

नियम, १९५४ का ५वां) ।

[पुस्तकालय में रखी गई, देखिये संख्या एस-१३।५४]

अध्यक्ष महोदय : अब कार्य समाप्त होता है--अब कोई और कार्य नहीं है । अब सदन की बैठक कल के लिये उठ सकती है। संसद् कार्य मंत्री ने मुझे एक सुझाव दिया था कि सदन की बैठक दो बजे समवेत की जाये--दो बजे से सात बजे तक ।

श्री अलगूराय शास्त्री (ज़िला आज़मगढ़--पूर्व व बलिया--पश्चिम) : दो बजे ठीक है ।

कई माननीय सदस्य : ठीक है ।

अध्यक्ष महोदय : सदन की बैठक कल दो बजे समवेत होगी ।

इसके पश्चात् सदन की बैठक मंगलवार, १६ फरवरी, १९५४ के दो बजे तक के लिये स्थगित हो गई ।